

प्रभात खबर मुजफ्फरपुर-आसपास

जनता दस बजे, बाबुओं का समय 12 बजे

ग्रासरूट गवर्नेंस

कांटी प्रखंड कार्यालय से सम्राट कुमार

दृश्य एक : दिन सोमवार समय सुबह के 10.30 मिनट. प्रखंड कार्यालय में आरटीपीएस के सहायक कर्मी सुमित कुमार लोगों द्वारा दिये गये विभिन्न तरह के प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी सह कार्य पालक पदाधिकारी नगर पंचायत कांटी के कार्यालय पहुंचते हैं. पर मात्र दस सेकंड में ही वापस हो गये. पूछने पर बताया कि कार्यालय में कोई है ही नहीं. जी हां, यह हाल कांटी प्रखंड कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का है. इस कर्मी के जाने के बाद 10.35 मिनट पर प्रखंड कार्यालय में प्रथम कर्मी के रूप में अनुसेवी महेश राय व 10.45 मिनट पर कार्यालय सहायक मो इलियास का आगमन होता है.

दृश्य दो : 10.50 मिनट पर कांटी नगर पंचायत के वार्ड तीन के निवासी शेख अब्दुल्लाह आते हैं और इधर-उधर देखते हैं. किसी को नहीं देख कोसते हुए जाने लगते है. टोके जाने पर कहते हैं कि बीडीओ साहब से मिलना था पर कोई है ही नहीं. काम के सवाल पर कहते हैं कि राशन कार्ड का काम था.

कांटी प्रखंड कार्यालय व बाबुओं की खाली पड़ी मेज.

फोटो । प्रभात खबर

प्रमुख चन्द्रकांता शाही : जनता और जन प्रतिनिधि त्रस्त है. कर्मियों का यही रोज का आने का समय है. प्रखंड चलाने में दिक्कत हो रही है.

बीडीओ रामजी प्रसाद : जिले से आंगनबाडी की जांच के लिए सकरा प्रतिनियुक्त किया गया था. इसलिए सोमवार को कार्यालय नहीं आ सका, बिलंब से आने वाले कर्मियों पर कारवाई होगी.

दृश्य तीन : 11 बज गये हैं. दादर की 70 वर्षीया महिला लक्ष्मण चौधरी की पत्नी कुसुमी देवी अपने मृत बेटे शिव चौधरी के सामाजिक सुरक्षा के लाभ के लिए आयी हैं. पता चला कि संबंधित फाइल देखने वाले बाबू नहीं आये हैं. दस मिनट के बाद कार्यालय के दो कर्मी विनय कुमार व वीरेंद्र झा आते हैं व सबसे पहले हाजिरी बनाते हैं.

दृश्य चार : सोनवर्षा के पुनीत ठाकुर की पत्नी गीता देवी, रवींद्र चौधरी की पत्नी मीना देवी व सालदेवे साह की पत्नी चंपा देवी कन्या विवाह योजना की जानकारी लेने पहुंची. कार्यालय के कर्मी ने बताया कि इस फाइल को देखने वाले बाबू अभी नहीं आये हैं, इंतज़ार करें. इसके बाद लोग आते रहे व इंतजार में बैठे रहे. बारह बजने के बाद कर्मियों का आना शुरू हो गया. काम के लिए प्रतीक्षारत लोगों ने चैन की सांस ली. करीब एक बजे बीडीओ के इंतजार में बैठे लोगों को बताया गया कि बीडीओ साहेब जिला में मीटिंग में भाग लेने गये हैं. बीडीओ साहब नहीं थे पर इस दौरान उनका कक्ष खुला था. पंखा व बल्ब चालू था. एक बजे जब कर्मियों ने साहब के नहीं आने की सूचना मिली तो कक्ष बंद किया गया. लोग बैरंग लौट गये.

प्रभात खबर मुजफ्फरपुर- आसपास

जनता दस बजे, बाबुओं का समय 12 बजे

ग्रासरूट गवर्नेंस

कांटी प्रखंड कार्यालय से सम्राट कुमार

के

दृश्य एक : दिन सोमवार समय सुबह 10.30 मिनट. प्रखंड कार्यालय में आरटीपीएस के सहायक कर्मी सुमित कुमार लोगों द्वारा दिये गये विभिन्न तरह के प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी सह कार्य पालक पदाधिकारी नगर पंचायत कांटी के कार्यालय पहुंचते हैं. पर मात्र दस सेकंड में ही वापस हो गये. पूछने पर बताया कि कार्यालय में कोई है ही नहीं. जी हां, यह हाल कांटी प्रखंड कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का है. इस कर्मी के जाने के बाद 10.35 मिनट पर प्रखंड कार्यालय में प्रथम कर्मी के रूप में अनुसेवी महेश राय व 10.45 मिनट पर कार्यालय सहायक मो इलियास का आगमन होता है.

दृश्य दो : 10.50 मिनट पर कांटी नगर पंचायत के वार्ड तीन के निवासी शेख अब्दुल्लाह आते हैं और इधर-उधर देखते हैं. किसी को नहीं देख कोसते हुए जाने लगते है. टोके जाने पर कहते हैं कि बीडीओ साहब से मिलना था पर कोई है ही नहीं. काम के सवाल पर कहते हैं कि राशन कार्ड

का काम था.

प्रखंड विकासकायालय

काँटी, मुज़फ़्फ़रपुर

कांटी प्रखंड कार्यालय व बाबुओं की खाली पड़ी मेज.

दृश्य तीन : 11 बज गये हैं. दादर की 70 वर्षीया महिला लक्ष्मण चौधरी की पत्नी कुसुमी देवी अपने मृत बेटे शिव चौधरी के सामाजिक सुरक्षा के लाभ के लिए आयी हैं. पता चला कि संबंधित फाइल देखने वाले बाबू नहीं आये हैं. दस मिनट के बाद कार्यालय के दो कर्मी विनय कुमार व

رمیان کانٹی ، مظفر پور

वीरेंद्र झा आते हैं व सबसे पहले हाजिरी बनाते हैं. दृश्य चार: सोनवर्षा के पुनीत ठाकुर की पत्नी गीता देवी, रवींद्र चौधरी की पत्नी मीना देवी व सालदेवे साह की पत्नी चंपा देवी कन्या विवाह योजना की जानकारी लेने पहुंची. कार्यालय के कर्मी ने बताया कि इस फाइल को देखने वाले

army.

फोटो | प्रभात खबर

बाबू अभी नहीं आये हैं, इंतज़ार करें. इसके बाद लोग आते रहे व इंतजार में बैठे रहे. बारह बजने के बाद कर्मियों का आना शुरू हो गया. काम के लिए प्रतीक्षारत लोगों ने चैन की सांस ली. करीब एक बजे बीडीओ के इंतजार में बैठे लोगों को बताया गया कि बीडीओ

प्रमुख चन्द्रकांता शाही ; जनता और जन प्रतिनिधि त्रस्त है. कर्मियों का यही रोज का आने का समय है. प्रखंड चलाने में दिक्कत हो रही है.

बीडीओ रामजी प्रसाद : जिले से आंगनबाडी की जांच के लिए सकरा प्रतिनियुक्त किया गया था. इसलिए सोमवार को कार्यालय नहीं आ सका, बिलंब से आने 'वाले कर्मियों पर कारवाई होगी.

साहेब जिला में मीटिंग में भाग लेने गये हैं. बीडीओ साहब नहीं थे पर इस दौरान उनका कक्ष खुला था. पंखा व बल्ब चालू था. एक बजे जब कर्मियों ने साहब के नहीं आने की सूचना मिली तो कक्ष बंद किया गया. लोग बैरंग लौट गये.

मनरेगा राशि से

ि